

SHRI BAJRANG PUNIA

Shri Bajrang Punia is a renowned wrestler. He has been representing country in 65 Kg category in wrestling. He is recognized widely for his achievements in the commonwealth games and the Asian games. His performance has been exemplary as an athlete and he has been making our country proud by his performance at National and International level.

2. Born on February 26, 1994, Shri Punia completed his secondary and senior secondary education from the Nation Institute of Open Schooling. He received his Bachelor of Arts Degree from C.V. Raman University in 2016. Seeing his father practising traditional wrestling, Shri Punia started wrestling at a tender age of 7. Bharat Kesri phalwan Narender Punia recognised his talent and encouraged him to pursue wrestling as a career.

3. Shri Punia started winning medals in wrestling at school level itself. His performance at State and national level has also been outstanding. Some of his individual achievements have been Gold Medal in National Cadet 2010, 2011; National Junior 2012; Shaheed Bhagat Singh Wrestling Tournament 2012; National senior 2013; National Senior(65kg) 2015 and 2016; Senior Mayor Cup 2016 Inter – Railway(65kg) 2016; Senior Bharat Kesari (65 Kg.) 2017 and 2018 etc.

4. Shri Punia has participated in various International events held at different places in the world and has brought laurels to the country. Some of his achievements are, Gold Medal in Common Wealth Games – 2018; Silver Medal in Common Wealth Games – 2014; Silver Medal in Asian Games – 2014; Gold Medal in Indonesia Games – 2017; Gold Medal in Common Wealth Championship – 2017; Bronze Medal in World Wrestling Championship – 2013; Silver Medal in Under Twenty Three(23) World Wrestling Championship(65kg)- 2017; Bronze Medal in Asia Wrestling Championship – 2018; Gold Medal in Senior Asian Wrestling Championship – 2017; Silver Medal in Senior Wrestling Cup -2017; Gold Medal in Senior Commonwealth Wrestling Championship – 2016; Gold Medal in Senior Dave Schultz Senior Wrestling Tournament – 2015 etc.

5. Shri Punia is the recipient of various prestigious awards such as “Bharat Kumar” in 2012 at Baratpur, Rajasthan; “Bharat Kesri” in 2017 & 2018 respectively by the Haryana Government. He is also the recipient of the prestigious Arjuna Award in 2015. He was ranked as the “World's No.1 wrestler” in 65 kg category by United World Wrestling in 2018. The Sportstar magazine selected him as the “Sportsman of the year” for the year 2017.

श्री बजरंग पुनिया



श्री बजरंग पुनिया सुप्रसिद्ध पहलवान हैं। आप कुश्ती में 65 कि.ग्रा. वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।आप राष्ट्रमंडल खेलों तथा एशियाई खेलों में अपनी उपलब्धियों के लिए व्यापक रूप से जाने जाते हैं। आपका प्रदर्शन एक एथलीट के रूप में अनुकरणीय रहा है और आप राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित कर रहे हैं।

2. आपका जन्म 26 फरवरी, 1994 में हुआ था। और आपने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान से माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा ग्रहण की। आपने सीवी रमन विश्वविद्यालय से वर्ष 2016 में कला स्नातक की डिग्री प्राप्त की। अपने पिता को परंपरागत कुश्ती का अभ्यास करते देखकर आपने 7 वर्ष की अल्पायु में कुश्ती का अभ्यास करना शुरू कर दिया। भारत केसरी पहलवान नरेंदर पुनिया ने आपकी प्रतिभा को पहचाना और आपको कुश्ती को अपना केरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

3. आपने स्कूल स्तर पर ही कुश्ती में पदक जीतना शुरू कर दिया था। राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर आपका प्रदर्शन भी उत्कृष्ट रहा है। राष्ट्रीय कैडेट 2010, 2011; राष्ट्रीय जूनियर 2012; शहीद भगत सिंह कुश्ती टूर्नामेंट 2012; राष्ट्रीय सीनियर 2013; राष्ट्रीय सीनियर (65 किग्रा.) 2015 तथा 2016; सीनियर मेयर कप 2016 इंटर– रेलवे (65 किग्रा.) 2016; सीनियर भारत केसरी (65 किग्रा.) 2017 और 2018 आदि में स्वर्ण पदक प्राप्त करना आपकी व्यक्तिगत उपलब्धियां रहीं हैं।

4. आपने विश्व के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और देश को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रमंडल खेल 2018 में स्वर्ण पदक; राष्ट्रमंडल खेल 2014 में रजत पदक; एशियन खेल-2014 में रजत पदक; इंडोनेशिया खेल-2017 में स्वर्ण पदक; राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप-2017 में स्वर्णपदक; विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप-2013 में कांस्य पदक; अंडर ट्वंटी थ्री विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप (65 किग्रा.)-2017में रजत पदक; एशिया रेसलिंग चैम्पियनशिप-2018 में कांस्य पदक; सीनियर एशियन रेसलिंग चैम्पियनशिप-2017 में स्वर्ण पदक; सीनियर रेसलिंग कप-2017 में रजत पदक; सीनियर कॉमनवेल्थ रेसलिंग चैम्पियनशिप-2016 में स्वर्ण पदक; सीनियर डेव शुल्ट्ज सीनियर रेसलिंग टूर्नामेंट-2015में स्वर्ण पदक आदि आपकी उपलब्धियां रही हैं।

5. आपको राजस्थान के भरतपुर में वर्ष 2012 में "भारत कुमार"; हरियाणा सरकार द्वारा 2017 और 2018 में "भारत केसरी" जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों सेसम्मानित किया गया है। आपको वर्ष 2015 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। आपको वर्ष 2018 में युनाईटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा 65 किग्रा. श्रेणी में "वर्ल्डनंबर 1 रेसलर" का खिताब दिया गया है। दी स्पोर्टस्टार पत्रिका ने वर्ष 2017 के लिए आपका"स्पोर्टस मैन ऑफ दी ईयर" के रूप में चयन किया है।